झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची , दिनांक-15.05.2020

मुख्यमंत्री सचिवालय, रांची

विज्ञप्ति संख्या- 423/2020

15 मई 2020

झारखंड मंत्रालय, रांची

★ प्रवासी श्रमिकों को हवाई जहाज से वापस लाया जाएगा, केंद्रीय गृह मंत्रालय से मांगी है अनुमति -- मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन

==

★ दूसरे राज्यों में फंसे श्रमिकों विद्यार्थियों और अन्य लोगों को सुरक्षित वापस लाने का सिलसिला लगातार जारी

==

मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने कहा कि दूसरे राज्यों में फंसे श्रमिकों को लाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसके लिए सभी जरूरी संसाधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी श्रमिकों को लाने के लिए हवाई जहाज का भी इस्तेमाल किया जाएगा। इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय से अनुमति मांगी गई है। श्री सोरेन ने कहा कि विशेष ट्रेनों और बसों से प्रवासी श्रमिको, विद्यार्थियों और अन्य लोगों को वापस लाने का सिलसिला लगातार जारी है और यह प्रक्रिया तबतक चलेगी जब तक सभी प्रवासी श्रमिक सुरक्षित घर नहीं आ जाते हैं।

###

==

#Team PRD(CMO)